
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, बुधवार , 25 मार्च 2026
वर्ष 14, अंक 333, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गैस सिलेंडर का संकटः मैसेज आया, लेकिन सिलेंडर नहीं! उपभोक्ता परेशान..03

धेमाजी जिले की तीन चुनावी क्षेत्र के 16 उम्मीदवारो ने किया नामांकन पत्र दाखिल...04

## वैश्विक अनिश्चितता के दौर में यूपी बना सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश गंतव्यः सी.एम. योगी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ-** दुनिया के कई हिस्सों में जारी अस्थिरता, आर्थिक अनिश्चितता और अव्यवस्था के बीच भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश आज निवेश व व्यापार के लिए एक सुरक्षित, स्थिर और भरोसेमंद वातावरण के रूप में उभरकर सामने आया है। इसी विश्वास को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 'निवेश मित्र 3.0' सिंगल विंडो सिस्टम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में पारदर्शी नीतियों, सख्त कानून-व्यवस्था, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग-अनुकूल माहौल के जरिए अपनी पहचान को पूरी तरह बदला है। आज उत्तर प्रदेश न केवल निवेशकों के लिए सुरक्षित गंतव्य बना है, बल्कि यहां उन्हें स्केलेबल बिजनेस के लिए अनुकूल इकोसिस्टम, विशाल उपभोक्ता बाजार, कुशल युवा मानव संसाधन और सीमलेस कनेक्टिविटी जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक साथ उपलब्ध हो रही हैं। यही कारण है कि जो निवेशक पहले प्रदेश आने से हिचकते थे, आज वही यहां निवेश के लिए आगे आ रहे हैं और उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

**50,000 करोड़ निवेश, 50 हजार रोजगार की संभावना**

मुख्यमंत्री ने नवरात्रि के दौरान आयोजित कार्यक्रम में 45 कंपनियों को इंसेंटिव वितरण और 62 कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) प्रदान किए जाने को प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों के माध्यम से लगभग 50,000 करोड़ निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे करीब 50 हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने सभी उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार एमओयू के बाद तेजी से ग्राउंडब्रेकिंग, निवेश से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों के त्वरित समाधान और उद्योगों के लिए बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्यमियों का विश्वास ही विकास की असली ताकत है और उस पर खरा उतरते हुए उत्तर प्रदेश को निवेश, रोजगार और औद्योगिक प्रगति का अग्रणी केंद्र बनाया जाएगा।

**निवेशकों का विश्वास ही प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों का विश्वास ही प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी विश्वास को मजबूत करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स उपलब्ध है, यहां बड़ी संख्या में कुशल और युवा मानव संसाधन मौजूद है। भारत का ही नहीं, दुनिया का सबसे अच्छा डेमोग्राफिक डिविडेंड यूपी के पास है। साथ ही यहां विशाल एवं मजबूत कंज्यूमर बेस भी उपलब्ध है, जो निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे प्रदेश में खुलकर निवेश करें और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं, क्योंकि यहां स्केलेबल बिजनेस के लिए आवश्यक सभी संभावनाएं और संसाधन उपलब्ध हैं।

**निवेश मित्र 3.0 से आसान होगा उद्योग लगाना**

मुख्यमंत्री ने बताया कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और मजबूत करते हुए धारा 80 के तहत लैंड यूज की जटिल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है। अब मास्टर प्लान के तहत नक्शा पास होते ही लैंड यूज स्वतः स्वीकृत माना जाएगा और अलग से किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं होगी। साथ ही 'निवेश मित्र 3.0' को लॉन्च कर 43 से अधिक विभागों की 530 सेवाओं को सरल बनाकर 200 से कम सेवाओं में समेकित किया गया है। इसमें पैन आधारित सिंगल यूजर आईडी, डायनेमिक सीएएफ, एआई चैटबॉट, रियल-टाइम ट्रैकिंग, ऑटोमेटेड अलर्ट और एंड-टू-एंड ऑनलाइन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं दी गई हैं। यह प्लेटफॉर्म एनएसडब्ल्यूएस, आईजीआरएस और जीआईएस लैंड बैंक से एकीकृत होकर निवेशकों को एक सीमलेस, ट्रांसपेरेंट और प्रिडिक्टेबल डिजिटल इकोसिस्टम प्रदान करता है, जिससे निवेश प्रक्रिया पूरी तरह आसान और हस्तक्षेप-मुक्त बन सके।

**निजी बिजनेस पार्क नीति और स्किल कनेक्ट से बढ़ेगा निवेश व रोजगार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इसी क्रम में कैबिनेट द्वारा निजी बिजनेस पार्क नीति को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत अब कोई भी निवेशक बिजनेस पार्क विकसित कर प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर उद्योगों को आगे बढ़ा सकेगा। इस मॉडल में सरकारी भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि निवेशक अपना निवेश करेंगे और रेवेन्यू शेयर व्यवस्था के तहत पारदर्शी तरीके से लाभ का बंटवारा होगा।

**टेक्नोलॉजी हब के रूप में यह नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी**

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं होगा, जिससे निवेशकों को सुगम और सुरक्षित माहौल मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के एक बड़े हब के रूप में विकसित करने की दिशा में यह नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से पीएमयू कौशल कनेक्ट सेल का गठन किया गया है, जो उद्योगों की जरूरत के अनुसार कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने में मदद करेगा। वहीं, एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल के जरिए नए उद्यमियों को प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और समर्थन दिया जाएगा। इन सभी पहलों का उद्देश्य प्रदेश में निवेश, रोजगार और उद्यमिता को एक साथ बढ़ावा देना है, ताकि उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी औद्योगिक अर्थव्यवस्था के रूप में और सशक्त बन सके।

**2012-17 के बीच मात्र 16 एलओसी, 9 वर्षों में 3367 जारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हुए इंसेंटिव वितरण कार्यक्रम से औद्योगिक विकास को नई गति मिली है। इस दौरान मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, सीमेंट, बायोप्लास्टिक, आयरन एंड स्टील, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों की 85 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कंफर्ट और एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट के आधार पर कुल 2781 करोड़ 12 लाख रुपये की सब्सिडी वितरित की गई। इसके



तहत आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की 4 परियोजनाओं को 73 करोड़ और फूड प्रोसेसिंग की 10 परियोजनाओं को 20 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया गया। उन्होंने बताया कि जहां 2012 से 2017 के बीच मात्र 16 एलओसी जारी हुए थे, वहीं पिछले 9 वर्षों में 3367 एलओसी जारी किए गए हैं, जो निवेश माहौल में आए बड़े बदलाव को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक उद्योग केवल निवेश नहीं लाता, बल्कि रोजगार और कनेक्टिविटी भी बढ़ाता है। उद्यमियों को सम्मान और सुरक्षा देना जरूरी है, क्योंकि वे अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**उद्योगों के संचालन में बाधा या अराजकता बर्दाश्त नहीं**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में उद्योगों के संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा या अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं ट्रेड यूनियन या अन्य किसी नाम पर उद्योगों को बाधित करने की कोशिश की जाती है, तो वह स्वयं तत्काल संज्ञान लेते हैं और जरूरत पड़ने पर रात में ही संबंधित डीएम और एसपी को निर्देश देकर ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराते हैं, ताकि निवेश और उद्योगों का माहौल प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर की 'लाल इमली' मिल जैसे उदाहरण बताते हैं कि कैसे पहले ट्रेड यूनियनों के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों के कारण एक समय का प्रमुख टेक्सटाइल हब बंद होकर खंडहर में बदल गया और हजारों परिवार प्रभावित हुए। पिछली सरकारों ने उद्योगों की संभावनाओं को नकारा, लेकिन वर्तमान सरकार ने अनुकूल माहौल देकर निवेश को बढ़ावा दिया, जिसके कारण जनता का विश्वास लगातार मिल रहा है।

**अपराधी ने दुस्साहस किया तो समझो यमराज के पास जाने के लिए अपना टिकट कटाया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को औद्योगिक निवेश का प्रमुख गंतव्य बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों में व्यापक प्रयास किए गए हैं। उन्होंने 2017 की स्थिति को याद करते हुए कहा कि जब निवेश के लिए उद्यमियों को यूपी आने का आमंत्रण दिया जाता था, तो वे इस पर हंसते थे और कई लोग तो पहले से ही यहां न आने का संकल्प लेने की बात करते थे। उस समय प्रदेश की छवि इतनी खराब थी कि निवेश की बात करना भी असहज लगता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नकारात्मक धारणा के पीछे दो प्रमुख कारण थे। पहला, पहचान का संकट और दूसरा, माफिया व आपराधिक गिरोहों का प्रभाव, जो हर जिले और थाने में समानांतर सत्ता चलाकर उद्यमियों, व्यापारियों, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ था। तब हमने इस माफिया की कमर तोड़ने, इसे पूरी तरह कुचलने का निर्णय किया। हमने तय किया कि हम उत्तर प्रदेश के अंदर अपराध और अपराधी के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत हम कार्य करेंगे। जीरो टॉलरेंस की वह नीति पहले दिन से आज तक अनवरत बनी हुई है। अपराधी कोई भी हो, माफिया कोई भी हो, किसी भी प्रकार का कोई सरपरस्त क्यों न हो, अगर उसने कहीं दुस्साहस किया तो ये मानकर चलिए कि वह अपने उस दुस्साहस के लिए यमराज के पास जाने के लिए अपना टिकट काट रहा है।

**उत्तर प्रदेश बना निवेशकों की पहली पसंद**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश को देश का शीर्ष निवेश गंतव्य बनाने का जो सपना देखा गया था, वह आज साकार हो रहा है। डबल इंजन सरकार ने पारदर्शी नीतियों, बेहतर कानून-व्यवस्था और उद्योग-अनुकूल माहौल से निवेशकों का विश्वास फिर से स्थापित किया, जिसे पूर्ववर्ती सरकारों में क्षति पहुंची थी। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में 'टीम यूपी' के निरंतर प्रयासों से आज प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न नीतियों के तहत इंसेंटिव सीधे खातों में देकर रुकी परियोजनाओं को गति दी जा रही है, खासकर फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में, जहां 11% कृषि योग्य भूमि के बावजूद 21% खाद्यान्न उत्पादन के साथ अब वैल्यू एडिशन और रोजगार पर फोकस है।

**'जीरो टॉलरेंस' और 'जीरो करप्शन' से निवेश का बदला माहौल**

'जीरो टॉलरेंस' और 'जीरो करप्शन' नीति के प्रभाव से निवेश का माहौल पूरी तरह बदला है और अब निवेशक स्वयं यूपी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में 75,000 एकड़ लैंड बैंक, बेहतर सीमलेस कनेक्टिविटी, देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क में 55% हिस्सेदारी (जल्द 60%), 12 घरेलू व 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और जेवर में शुरू होने जा रहे देश के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से निवेश को नई दिशा मिल रही है।

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पीएम मोदी करेंगे लोकार्पण**

28 मार्च को पीएम मोदी इसका लोकार्पण करेंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का कार्गो व लॉजिस्टिक का सबसे बड़ा हब बनने वाला, यहां एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) की सुविधा भी देश में पहली बार देखने को मिलेगी। साथ ही वाराणसी से जुड़े इनलैंड वाटरवे, सात शहरों में मेट्रो सेवा और मजबूत सड़क नेटवर्क के कारण अब निवेश एनसीआर तक सीमित न रहकर बुंदेलखंड, पूर्वांचल, मध्य और पश्चिमी यूपी सहित पूरे प्रदेश में तेजी से फैल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक विभाग के मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्य मंत्री औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, प्रदेश के अवस्थापना औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान बाबूलाल मीणा, अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज के एक्स-रे विभाग में हंगामा, सुरक्षाकर्मी और मरीजों में हाथापाई



**देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के बगल में मंगलवार को रोगियों ने हंगामा शुरू कर दिया। शांत करने पहुंचे सुरक्षाकर्मी से रोगियों व तीमारदारों ने धक्का मुक्की के बाद हाथापाई की। दोपहर में यहां अफरा-तफरी का माहौल रहा। 20 से अधिक रोगियों की एक्सरे जांच नहीं हो सकी। जिससे उनके हाथ मायूसी लगी। उधर हड्डी रोग विभाग में भी उपचार में विलंब होने पर रोगियों ने हंगामा किया। मेडिकल कॉलेज में रोगियों की भीड़ के कारण पूरी व्यवस्था चरमरा जा रही है। मंगलवार को दिन में बड़ी संख्या में रोगी उपचार के लिए पहुंचे। हड्डी रोग विभाग में रोगियों की भीड़ रही। आपरेशन करा कर आए ड्रेसिंग के लिए रोगियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। बरामदे में स्ट्रेचर पर रोगियों को लेकर तीमारदार परेशान रहे। उधर एक्सरे विभाग में पूरी गैलरी रोगियों से खचाखच भरी रही। दोपहर में लाइन तोड़ कर कुछ लोग अंदर घुसने का प्रयास किए। ऐसे में सुरक्षाकर्मी ने रोका तो रोगी उनसे उलझ गए। रोगियों ने सुरक्षाकर्मियों के साथ हाथापाई तक की। उसके बाद भी सुरक्षाकर्मी की सख्ती के कारण एक भी रोगी अंदर नहीं जा सके। कक्ष को बाहर से सुरक्षाकर्मी ने बंद कर दिया। कहा बारी-बारी से लाइन से ही रोगियों को अंदर जाने दिया जाएगा। इसके लिए चाहे कुछ भी हो जाए। हड्डी रोग विभाग में भी दोपहर में रोगियों को लगा कि अब ओपीडी का समय समाप्त हो रहा है और हमें उपचार नहीं मिल पाएगा तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें शांत कराया। सीएमएस डॉ. एचके मिश्र ने कहा कि रोगियों की भीड़ इन दिनों मेडिकल कॉलेज में बढ़ी है। रोगियों को उपचार के दौरान थोड़ा धैर्य बरतना चाहिए। सभी डॉक्टर समय से अपने कक्ष में बैठ रहे हैं और रोगियों का उपचार भी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कानपुर में ट्रेन के टैंकर से तेल चोरी, गिरोह का राजफाश, दो गिरफ्तार



**कल्याणपुर (कानपुर)।** रेलवे के टैंकर पर हाथ साफ करने वाले शातिर गिरोह के खिलाफ आरपीएफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरपीएफ की सीआईबी ग्वालियर और कानपुर की संयुक्त टीम ने भीमसेन आरपीएफ पोस्ट क्षेत्र में छापेमारी कर ट्रेन के टैंकरों से डीजल और पेट्रोल चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से भारी मात्रा में चोरी का तेल बरामद हुआ है। सचेंडी के भीमसेन इलाके में बीते चार जनवरी को ट्रेन से तेल चोरी की गई थीं। मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच की जा रही थी। वहीं मंगलवार को आरपीएफ की सीआईबी ग्वालियर और सीआईबी कानपुर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सटीक सूचना पर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान सचेंडी निवासी सागर गौतम और शिवम गौतम के रूप में हुई है।

पुलिसिया पूछताछ में दोनों ने लंबे समय से ट्रेनों से तेल चोरी की बात स्वीकार की है। यही नहीं आरोपितों ने गिरोह में शामिल चार अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं। आरोपितों के कब्जे से 15 कट्टी (कैन) डीजल और पेट्रोल बरामद किया है।बरामद तेल की अनुमानित कीमत करीब 34 हजार रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपितों को जेल भेजा गया है।बाकी आरोपितों की तलाश में टीम लगाई गई है। दावा है कि जल्द उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल छोड़कर अन्य राज्यों में नहीं हुई ज्यादा मुकदमेबाजी...

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर, अन्य सभी राज्यों में एसआईआर (SIR) का कार्यान्वयन सुचारू रूप से हुआ है. अन्य राज्यों से एसआईआर को लेकर ज्यादा मुकदमेबाजी नहीं हुई है. पश्चिम बंगाल स्ढ्ढक्र से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान CJI सूर्यकांत ने यह टिप्पणी की. वहीं, राज्य के वकीलों का कहना है कि 'तार्किक विसंगति' केवल पश्चिम बंगाल में लागू की गई है. वहीं, सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल SIR मामले पर स्ट में सुनवाई 1 अप्रैल तक के लिए टल गई है. सुनवाई के दौरान CJI सूर्यकांत ने कहा कि पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया अभी भी अधूरी है. साथ ही CJI ने एक न्यूज रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अन्य राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दलों के सत्ता में होने के बावजूद यह प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई है।




**पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान**

पश्चिम बंगाल में 294 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है और 4 मई को गिनती होगी. सुनवाई के दौरान, सीनियर वकील और टीएम,सी नेता मेनका गुरुस्वामी ने कोर्ट से पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट को फ्रीज करने की तारीख बढ़ाने पर विचार करने का आग्रह किया, ताकि लिस्ट से नाम हटाने पर आपत्ति जताने वाले लोगों के नाम पर फैसला किया जा सके और उन्हें जोड़ा जा सके. इसके जवाब में कोर्ट ने साफ किया कि वह रिक्वेस्ट पर विचार करेगा. कोर्ट ने कहा, अगर जरूरत हुई तो हम सोचेंगे. अभी सब ठीक चल रहा है।

**बाकी राज्यों में SIR की प्रक्रिया पूरी**

साथ ही, बेंच ने बताया कि SIR की वजह से ज्यादातर दूसरे राज्यों में इतने ज्यादा केस नहीं हुए हैं. CJI ने कहा, पश्चिम बंगाल को छोड़कर, जिन भी राज्यों में SIR किया गया, हर जगह यह आसानी से हुआ. दूसरे राज्यों में भी, मुश्किलें हैं, अगर उतनी नहीं तो, लेकिन मुश्किलें हैं. लेकिन कुल मिलाकर, दूसरे राज्यों से शायद ही कोई केस आया हो. सुप्रीम कोर्ट ने पहले पश्चिम बंगाल की स्थिति की खासियत को देखते हुए निर्देश जारी किए थे. 28 फरवरी को पब्लिश हुए पोस्ट-SIR इलेक्टोरल रोल में करीब 60 लाख नाम अंडर एडजुडिकेशन के तौर पर मार्क किए गए थे. इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, सप्लीमेंट्री लिस्ट में करीब 29 लाख वोटर्स के नाम हैं जिनके केस ज्यूडिशियल ऑफिसर्स ने एडजुडिकेट किए हैं।

## बिहार में तालाब, सड़क व शौचालय निर्माण की होगी जांच; मनरेगा सोशल ऑडिट के लिए 9.47 करोड़ मंजूर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पटना।** ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों की सोशल ऑडिट के लिए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नौ करोड़ 47 लाख 84 हजार 111 रुपये को अंतिम स्वीकृति दी गई है। इसके बाद अब ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों की निष्पक्ष और पारदर्शी सोशल ऑडिट में सहायता मिलेगी। ये काम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) के अंतर्गत हुए हैं।

**सोशल ऑडिट से भ्रष्टाचार नियंत्रण**

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार का कहना है कि सोशल ऑडिट से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होगा और विकास कार्यों का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाना संभव होगा। मनरेगा के अंतर्गत मुख्य रूप से जल संरक्षण, कृषि विकास, ग्रामीण बुनियादी ढांचा और स्वच्छता से संबंधित कार्यों के साथ तालाब व कुओं का निर्माण, चेक डैम, पौधारोपण, ग्रामीण सड़कें, आंगनबाड़ी भवन, स्कूल में शौचालय और खेल मैदान आदि का निर्माण-जीर्णोद्धार आदि से संबंधित कार्य सम्मिलित हैं। इस



योजना के अंतर्गत प्रत्येक इच्छुक व्यस्क सदस्य को मांगने पर एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों की अकुशल मजदूरी देने का भी प्रावधान है।

**आडिट के लिए जिलावार सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी का गठन**

बहरहाल ग्राम पंचायतों में लागू उपरोक्त लोक कल्याणकारी योजनाओं की निष्पक्ष और पारदर्शी आडिट के लिए जिलावार सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी का गठन किया गया है। सोसायटी के संचालन और सोशल आडिट के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से 10 करोड़ 12 लाख 41 हजार 500 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

## लैंड फॉर जॉब केसः लालू प्रसाद यादव को झटका, दिल्ली हाईकोर्ट ने FIR रद्द करने से किया इनकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

लैंड फॉर जॉब से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है. दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू प्रसाद यादव की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें लालू प्रसाद यादव ने दर्ज FIR रद्द करने की मांग की गई थी. जस्टिस रविंदर डुडेजा ने कहा याचिका में कोई दम नही है. दाखिल याचिका में कहा गया था कि सीबीआई ने यह केस बिना जरूरी सेंशन के दर्ज किया गया, जो कानूनी रूप से अवैध है. मामले की सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद यादव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि जांच एजेंसी CBI ने 18 मई 2022 को FIR दर्ज की, जबकि उस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री के रूप में अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे थे।

खास बात यह है कि हाई कोर्ट ने पहले मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था।

**कोर्ट ने FIR रद्द करने की मांग किया खारिज**

यादव का मामला यह था कि CBI FIR




दर्ज करने से पहले उनके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट (PC एक्ट) की धारा 17- A के तहत जरूरी प्रॉसिक्यूशन मंजूरी लेने में नाकाम रही थी. यह प्रोविजन सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने से पहले सरकार से मंजूरी लेना जरूरी बनाता है, जब ऐसे अपराध सरकारी सिफारिशों या उनके काम के दौरान लिए गए फैसलों से जुड़े हों. यह प्रोविजन प्रिवेंशन ऑफ करप्शन (अमेंडमेंट) एक्ट, 2018 के ज़रिए PC एक्ट में डाला गया था. यह भी बताया गया कि कथित अपराध 2004-2009 के दौरान किए गए थे, लेकिन FIR लगभग 14 साल की देरी के बाद 2022 में ही दर्ज की गई थी।

**सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कही ये बात**

जस्टिस डुडेजा ने आज फैसला सुनाया कि सेक्शन 17 प्रोस्पेक्टिव नेचर का है और चूंकि यह मामला 2004 से 2009 के बीच किए गए अपराधों से जुड़ा है, इसलिए यह मौजूदा मामले पर लागू नहीं होता है. कोर्ट ने कहा, इस प्रोविजन के तहत पहले से मंजूरी न मिलने से स्पेशल जज द्वारा पास किए गए शुरुआती जांच, FIR का रजिस्ट्रेशन, जांच या कॉग्निजेंस ऑर्डर पर कोई असर नहीं पड़ता है. पिटीशन में कोई दम नहीं होने के कारण इसे खारिज किया जाता है।

**जानें क्या है मामला**

यह मामला CBI के उन आरोपों से जुड़ा है जिनमें कहा गया है कि 2004 से 2009 के बीच केंद्रीय रेल मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान, लालू प्रसाद यादव ने रेलवे में ग्रुप D पदों पर नियुक्तियां करवाई, बदले में जमीन के टुकड़े अपने परिवार को मामूली कीमतों पर ट्रांसफर किए. एजेंसी के मुताबिक, कई नौकरी ढूंढने वालों या उनके रिश्तेदारों ने कथित तौर पर पटना और दूसरी जगहों पर यादव के परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़ी संस्थाओं को बिना किसी पब्लिक भर्ती प्रक्रिया के, एक लेन-देन के तहत जमीन बेची या गिफ्ट की. यादव परिवार ने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि ये राजनीति से प्रेरित हैं।

## पंजाबी बाग में पुलिस सब-इंस्पेक्टर की तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, सफाई कर रही महिला की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पश्चिम दिल्ली।** मंगलवार को पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन के इलाके में एक दुखद सड़क दुर्घटना की खबर मिली। यह घटना सड़क निर्माण कार्य के दौरान हुई, जब एक तेज रफ्तार मारुति ब्रेजा कार ने सफाई का काम कर रही एक महिला मजदूर को जरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी ड्राइवर दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर (SI) है, जिसकी अभी रंजीत नगर पुलिस स्टेशन में पोस्टिंग है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी SI, लकी को गिरफ्तार कर लिया है और दुर्घटना में शामिल ब्रेजा कार को जब्त कर लिया है।

**सेंट्रल वर्ज के पास हुई टक्कर**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग और नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास सड़क निर्माण का काम चल रहा था। इसी दौरान 45 वर्षीय महिला मजदूर धर्मवती, जो सेंट्रल वर्ज के पास सफाई कर रही थीं, एक बेकाबू मारुति ब्रेजा की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि धर्मवती को गंभीर चोटें आईं। घायल महिला को तुरंत पास के मोतीनगर स्थित आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया। जहां, इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद दिवस पर वीर शहीदों को यादकर लोगों ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन



**शहीद दिवस पर देश के अमर शाहीद भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु को श्रद्धासुमन अर्पित करते पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह और अन्य लोग**

**सिद्धार्थनगर।** वीरेंद्र सिंह ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में सोमवार को छात्र, युवा, किसान महासम्मेलन के तत्वाधान में शहीद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें देश के शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु सहित तमाम वीर सपूतों को लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह ने कहा कि हमें देश के लिए कुर्बान होने वाले क्रांतिकारी वीर सपूतों को याद कर उनके द्वारा दिए गए देश प्रेम की भावना से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम सभी ऐसे देश के नागरिक हैं जहां पर गंगा जमुनी तहज़ीब की महक पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर देखी जाती है। सभी लोगों को चाहिए कि देश व राष्ट्र प्रेम की भावना से एकजुट होकर देश के विकास के लिए अपना योगदान दें। केशव चन्द यादव ने कहा कि देश की आजादी के लिये न्यौछावर होने वाले वीर सपूतों व वीरांगनाओं को देश भुला नहीं सकता।।दीपक यदुवंशी ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल के लोग आज यहां एक मंच पर शहीद दिवस पर इकट्ठा हैं। क्रांतिकारियों के इतिहास को समझने और उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष रामविलास यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह देश के लिए शहीद होने वाले वीर सपूतों के जीवनी से सीख लेकर देश प्रेम के भावना को आत्मसात करें। इस दौरान काज़ी सुहेल अहमद, जिल्ले गालिब, विक्रम यादव, हरिराम यादव, नवीन कुमार दूबे, विजय यादव, सत्यनारायण यादव, शिवचंद यादव, अंबिका त्रिपाठी, राजीव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर छात्रों ने मोहा मन



**सिद्धार्थनगर:** गोल्हौरा क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बरगदवा में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर मोहा मन। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपेंद्र प्रताप सिंह (प्रतिनिधि जिलापंचायत अध्यक्ष) द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्वागत गीत, वसन्ती गीत, सहगान, देशभक्ति गीत व विकास गीत की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। नाटक व देवी गीत के मंचन ने भी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की तालियों से परिसर गूंजता रहा। कार्यक्रम में माधुरी, सुनैना, अनिका, पलक, आराधना, काव्या, आस्था, साधना, दृष्टि पांडे, शिव, सौरभ, रमेश, अखिलेश, दुर्गेश द्विवेदी, प्रिंस व राजकुमार सहित अन्य बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय परिवार के दीनानाथ श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार मिश्रा, कृष्ण देव त्रिपाठी, रवींद्र नाथ तिवारी, प्रियंका श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रबंधक प्रेमलता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# साइबर ठगी का पर्दाफाश- दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद

● **टेलीग्राम के जरिए निवेश के नाम पर 1.05 लाख की ठगी, तकनीकी जांच से आरोपियों तक पहुंची पुलिस**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए टेलीग्राम आधारित निवेश ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। यह कार्रवाई थाना साइबर शाहदरा की टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल जांच के आधार पर की गई, जिससे एक संगठित साइबर ठगी नेटवर्क का खुलासा हुआ है।यह मामला 12 नवंबर 2025 को सामने आया, जब शाहदरा निवासी 30 वर्षीय रमन शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके साथ टेलीग्राम के माध्यम से निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। शिकायत के अनुसार, 18 जुलाई 2025 को उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप के जरिए संपर्क किया गया, जहां अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें क्रिप्टो ट्रेडिंग और आकर्षक निवेश योजनाओं का लालच दिया। ठगों ने फर्जी मुनाफे के स्क्रीनशॉट और अन्य लोगों के लाभ के झूठे दावे दिखाकर उनका विश्वास जीत लिया। इन झूठे प्रलोभनों में आकर शिकायतकर्ता ने कुल 1,05,969/- की राशि तीन अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी में ट्रांसफर कर दी। इस संबंध में थाना साइबर शाहदरा में एफआईआर संख्या 120/2025 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें इंस्पेक्टर विनीत कुमार के नेतृत्व में एचसी धर्मेंद्र, एचसी विकास और एचसी संदीप शामिल थे। टीम ने तकनीकी निगरानी, डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच और मोबाइल नंबरों की ट्रैकिंग के माध्यम से आरोपियों की पहचान की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने दो आरोपियों–रिंकू (28 वर्ष), निवासी बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश और अभिषेक यादव (26 वर्ष), निवासी अलीगढ़, उत्तर प्रदेश–को गिरफ्तार कर लिया जांच में सामने आया कि आरोपी रिंकू उस मोबाइल नंबर का मुख्य उपयोगकर्ता था, जो सीधे उस बैंक खाते से जुड़ा हुआ था जिसमें ठगी की राशि प्राप्त हुई थी।

वहीं, अभिषेक यादव उस मोबाइल नंबर को संचालित करता था, जिस पर ओटीपी और लेनदेन से संबंधित अलर्ट प्राप्त होते थे। गिरफ्तारी के समय दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनका इस्तेमाल ठगी के लेनदेन और संचार के लिए किया जा रहा था शाहदरा पुलिस की इस त्वरित और तकनीकी रूप से सशक्त कार्रवाई ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी सतर्कता का संदेश दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है, जिसमें इस ठगी नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।

### साइबर अपराध के बदलते स्वरूप के मुकाबले के लिए नवीनतम तकनीकी जरुरी: एडीजी आलोक सिंह



**कानपुर।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद औरैया में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पत्रकार बंधुओं एवं आमजन को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने साइबर अपराध के निरंतर बदलते स्वरूप, अपराधियों द्वारा अपनाई जा रही नवीन तकनीकों तथा उनसे बचाव हेतु जागरूकता, सतर्कता एवं त्वरित सूचना साझा करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया तथा युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, सोशल मीडिया के प्रति जिम्मेदार व्यवहार तथा साइबर ठगी से बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही रक्षित टण्डन, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड के सामान्य तरीकों, सुरक्षित पासवर्ड प्रबंधन, फिशिंग, व्च्् फ्रॉड, फेक लिंक एवं डिजिटल गोपनीयता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा को दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा साइबर अपराध की रोकथाम में जनसहभागिता को सुदृढ़ करना रहा।

# धेमाजी जिले की तीन चुनावी क्षेत्र के 16 उम्मीदवारो ने किया नामांकन पत्र दाखिल







● **उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों को लेकर बड़ी आनंद उत्साह के साथ धेमाजी जिला चुनाव अधिकारी को सौंपा ज्ञापन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धीमाजी असम।** धेमाजी जिले की 78 नंबर धेमाजी सदर विधानसभा चुनावी क्षेत्र, 79 नंबर आरक्षणमुक्त सीसीबरगांव विधानसभा चुनावी क्षेत्र , ओर 80 नंबर जोनाई विधानसभा चुनावी क्षेत्र इन तीनों विधानसभा चुनावी क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कुल 16 उम्मीदवारों ने आज अंतिम दिन जिला आयुक्त के कार्यालय में नामांकन दाखिल की। 78 नंबर धेमाजी सदर विधानसभा चुनावी क्षेत्र के भाजपा दल के उम्मीदवार पुर्व विधायक डॉ रणुज पेगू, इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार शैलेन सोनोवाल, बाबुल सोनोवाल ने निर्दलीय, शामिल है।

वही 79 नंबर आरक्षणमुक्त सीसीबरगांव विधानसभा चुनावी क्षेत्र के भाजपा के उम्मीदवार पुर्व माछकुआ जिलापरिषद जीवन गोगोई, विपक्ष एक्य के तरफ़ से ताई आहूम छात्रा संघ असम का पूर्व मुख्य सलाहकार राइजर दल के उम्मीदवार दुलाल चंद्र बरुआ, समझकर्मी, युवा व्यवसाय निर्दलीय उम्मीदवार नंदीगिरी भुइयां, लंकेश्वर दास, रंजीत रय, प्रांजल बरा, हरेण चांगमई, केशव गोगोई, ने भी जिला चुनाव अधिकारी के समक्ष अपने अपने समर्थकों को लेकर नामांकन दाखिल किया। दूसरी ओर 80 नंबर जोनाई विधानसभा चुनावी क्षेत्र के भाजपा दल के उम्मीदवार पूर्व विधायक भुवन पेगू, इंडियन नेशनल कांग्रेस की तरफ़ से राजू मेदक ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

## सुब्रत भट्टाचार्य और विजय मालाकार ने आयुक्त कार्यालय में नामांकन पत्र जमा किए





● **जिले की तीन विधानसभा सीटों से भारतीय जनता पार्टी का झंडा हाथ में लेकर भारी रैली के साथ कृष्णेंदु पाल,**

**उम्मीदवारों ने कहा कि बीजेपी की जीत निश्चित है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** असम में राजनीति की शंखध्वनि बजते ही श्रीभूमि जिला में उत्सव का माहौल दिखाई दिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बीजेपी और अन्य दलों के उम्मीदवार भी अपने-अपने नामांकन पत्र जमा करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में सोमवार, 23 मार्च को जिले की तीन विधानसभा सीटों से बीजेपी का झंडा हाथ में लेकर भारी रैली के साथ उम्मीदवार आयुक्त कार्यालय पहुँचे और नामांकन दाखिल किया। जिले के पाथारकांदी विधानसभा सीट के बीजेपी उम्मीदवार कृष्णेंदु पाल, रामकृष्णनगर सीट के उम्मीदवार विजय मालाकार और दक्षिण करीमगंज के उम्मीदवार सुब्रत भट्टाचार्य ने ढोल-ढमाके और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच अपने नामांकन पत्र जमा किए। उम्मीदवारों ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस चुनाव में जीत निश्चित रूप से बीजेपी की ओर जाएगी। वहीं राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार का चुनाव काफी प्रतिस्पर्धी होने वाला है। भाजपा सहित ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस सहित निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच इस बार कौन बाज़ी मारेगा, यह देखने के लिए पूरा जिला बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेगा।

## एडीजी कानपुर ने किया मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन




**कानपुर।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद औरैया के थाना कोतवाली औरैया में नवनिर्मित मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क तथा पुलिस कैफे का उद्घाटन कर पुलिस व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इसके उपरान्त थाना कार्यालय, हवालात, सीसीटीएनएस का निरीक्षण एवं अभिलेखों की अद्यतन स्थिति व थाना परिसर की साफ- सफाई का अवलोकन कर उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारीगणों को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ कर पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं त्वरित जनसेवा सुनिश्चित करनें के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र व कानपुर, पुलिस अधीक्षक, जनपद कानपुर देहात उपस्थित रहे।

# मढियो में लगी श्रद्धालुओं की कतार

● **कहीं धरती से निकली देवी कहीं की गई प्राण प्रतिष्ठा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल बुढार** नगर की सबसे सुप्रसिद्ध बुढ़ी मढिया पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 7 के लोकप्रिय पार्षद मोहन बैगा में स्थित है यहां विराजमान प्रतिमऐ पांडव कालीन के समय की पांडव कालीन के समय की गढी हुई है जिनका उद्गम तालाब से हुआ जिनका उदगम तालाब से हुआ जिसकी यही पदस्थापना कराई गई । पांडवों ने बूढ़ी माता के अलावा शारदा मां दुर्गा मां और देवी देवता गढे हैं जबकि बाहर सुंदर मनभावन सूर्य भगवान की तरह एवं बहुत सी मूर्तियां हैं।जो बूढ़ी मढिया के नाम से सुप्रसिद्ध है। यहां के जीवित समय में यहां के पंडा दाऊ लाल केवट वर्तमान में उनकी पत्नी ने बताया कि छोटी माता जी व्यक्ति को निकलती है मां को जल ढारने से मिट जाती है अपने दुख तकलीफ को हारने हेतु नारियल लाल कपड़े में बांधकर रखने से मनोकामना।

**पूरी होती है** आज मढिया मंदिरों में चढ़ाया जाएगा पंचमी, पंचमी से सजने लगती है माता का श्रंगार, शक्ति के भक्ति में डूबा बुढार नगर चैत्र नवरात्रि पर्व पर नगर में जगह-जगह मढियो मंदिर में विराजमान सृजन शक्ति की देवी मां को सुबह ही भोर से जल ढारने श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। जैसे-जैसे नवरात्रि गतिमान हो रहा है भक्तों का शनै शनै जनसमूह माता भवानी के दरबार में भीड़ करने लगी है। माता बहनें और बंधु स्नान कराकर और मां को जल अभिषेक करने चल देते हैं बच्चे भी माता के दर्शन करने आते हैं श्रद्धालु मां भवानी को सिंदूर बेलपत्र बंधन अक्षत अगरबत्ती श्रीफल से पूजा अर्चना कर अपने कासन को दूर सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

**जगत जननी की की उपासना में डूबा कोलांचल**

जगत जननी की गौरवगान करते हैं समूचे नगर की मढियो में वीराजी माता के पूजा भक्ति में भक्ति तहलीन है। माता बहने 19 मार्च से शुरू हिंदू नव वर्ष की शुभ चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हुई 9दिनो तक व्रत रखकर मां की स्तुति करने मढिया मैं रेरा लगी हुई है। नगर में स्थापित बूढ़ी मढिया पुरानी बस्ती



भुतही मोहल्ला मां विरासिन मंदिर मां ज्वालामुखी मंदिर नगर परिषद बुढार के पास है लखेरन टोला काली मंदिर बुढार नगर की सुप्रसिद्ध शारदा मंदिर बुढार रेलवे मार्केट में विराजमान विशाल काली मां शिव शंकर साथ विराजमान है वही हरे माधव कॉलोनी दुर्गा माता का स्थापना भी हुई है वहीं दुर्गा माता का भी मंदिर में देवी माता के अनुदधियो का मेला लगा हुआ है इन स्थानों में विभिन्न स्वरूपो में मा की प्रतिमा कही धरती से सूर्योदय हुआ तो कहीं धार्मिक अलोकी के प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की

सेमल एवं बृहद पीपल का वट वृक्ष है जो श्रद्धालुओं को शीतल छाया दे रहा है यही शंकर भगवान बजरंगबली राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित है संसार की पालनहार मां को जल अभिषेक चुनरी चढ़ाने भक्तों का सुबह शाम का तांता लगा रहता है विजय दशमी के दिन श्रीराम जानकी अपने जीवन काल में मां के दर्शन करने प्रति वर्ष आए थे। अष्टमी के दिन बृहद भंडारे का आयोजन के पूर्व पंचमी के दिन मां का श्रंगार के बाद मां मां स्वरूप और विकराल रूप धारण कर लेती पांडव कालीन द्वारा गठित देवी देवताओं पूजन करने भक्तों की अपार भेद लगी हुई है।

मां विरासिन मंदिर बुढार विश्रामगृह मस्जिद मार्ग में स्थापित मां बिरासनी का उदभव वसुंधरा में सूर्योदय डेढ़ वर्ष सौ पूर्व हुआ था जहां मां बिरासिनी की प्रतिमा विराजमान है वहां बरगद का वट वृक्ष था उसी जगह से उनका उदगम हुआ था मां की धार्मिक जलसा बढ़ाने के कलश जावरा बोऐ गए जहां माता के दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं की मुराद पूरी होती है जल ढारने माता बहनें एवं बन्धुओ का जन समुदाय उमर रहा बड़े ही श्रद्धा भक्ति के साथ मां विरसिनी की आराधना कर शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

**बुढार रेलवे मार्केट मार्ग पर**





**विराजमान है विशाल काली मां की प्रतिमा**

बुढार नगर के कई पुराने बुजुर्गों ने बताया काली माता का मंदिर 50 वर्ष पूर्व भगवान दिन दफ्तरी ने कराया था और मंदिर मां काली मां की अदभूत प्राण प्रतिष्ठा कराई थी जहां अखंड ज्योति यहां विगत डेढ़ वर्षो से अखंड ज्योति जलती चली आ रही है जो प्राणियों के कल्याण करने की आशीष देती है समूचा रेलवे मार्केट के अलावा कोईलांचल क्षेत्र के के लोग काली मां के दरबार में शीश झुकाने आते हैं प्रतिदिन सैकड़ो श्री फालतू चढ़ाने नवरात्रि में बहनों की भीड़ लगी रहती है ज्वालामुखी मंदिर सिंधी बाजार के पास बुढ़ार में विराजमान है मा ज्वालामुखी की प्रतिमा 150 वर्ष पुरानी है जिसका सूर्योदय बगल के स्थित कुएं से उत्खनन करते समय मिली थी यहां पूजा अर्चना करने के लिए देवी भक्तों की कतार लगी रहती है 9 दिनों तक माता रानी की जयकारों से गुंजायमान रहता है पूरा नगर सुबह शाम माता की आरती से पूरे नगर की दुख संकट कष्टों का निवारण करती है सुख समृद्धि यश की कामना करती हैं।

**इनका कहना है** हिंदू धर्म की चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ होते ही पुजा अर्चना करने में माताएं बहनों और श्रद्धालुओं केलए और मंदिरोमें विशेष पजा कार्यक्रम के लिए मंदिर पर हमारे पुलिस कर्मियों की सुबह शाम पेट्रोलियम गस्त चालू रहेगी। बुढार थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार

## सदर विधायक जै किशन शाहु के भतीजे ने सरेआम की गुंडागर्दी युवक को चप्पलों से पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजीपुर।** गाजीपुर जनपद के सदर विधायक जै किशन शाहु के भतीजे का गुंडागर्दी करते एक विडियो वायर बताया जा रहा है जिसमें विधायक के भतीजे एक युवक को सरेराह चप्पलों से पीटते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है की विडियो में जो शख्स चप्पलों से एक युवक को पीटते हुए नजर आ रहा है वो कोई और नहीं बल्कि गाजीपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक जै किशन साहू के भतीजे मनीष साहू है। जो एक युवक को चप्पलों से पीट रहा है।

दुल्लहपुर की है घटना

सूचना के मुताबिक ये घटना गाजीपुर जनपद के दुल्लहपुर क्षेत्र अंतर्गत नीलकंठ गैस एजेंसी का है। जहां माननीय के भतीजे साहब गुंडागर्दी करते हुए एक युवक को सबके सामने ही बीच सड़क पर युवक को चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया । बताया जा रहा है की एक युवक दुल्लहपुर स्थित नीलकंठ गैस एजेंसी पर अपने एक साथी के साथ गैस सिलेंडर लेने पहुंचा था। जहां उसका विवाद वहां मौजूद एजेंसी कर्मीयों से हो गई। इसी दौरान वहां मौजूद माननीय विधायक जी के माननीय भतीजे मनीष साहू अपने चाचा का रौब दिखाते हुए पीड़ित युवक पर बरस पड़े। विधायक चाचा के भतीजे मनीष साहू उस युवकों सरेराह चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। जिसका विडियो वहां मौजूद किसी ने बना लिया व सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब सवाल ये उठता है की विधायक चाचा के भतीजे गाजीपुर से दुल्लहपुर जाकर गैस एजेंसी पर क्या कर रहे थे। विवाद तो एजेंसी कर्मीयों व युवक के साथ हो रहा था। वहीं कुछ लोगों का कहना है की अभी तो समाजवादी पार्टी की सरकार भी नहीं तो ये हाल है की सपा के विधायक के भतीजे गुंडागर्दी कर रहे हैं। अगर सरकार में होते तो क्या करते। वहीं पुलिस ने बताया की इस घटना की शिकायत पीड़ित द्वारा की गई है। जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। अब यहां भी एक सवाल उठता



है की क्या विधायक चाचा के भतीजे पर पुलिस कार्रवाई होगी या विधायक चाचा भारी पड़ जायेंगे।

**चाचा हमरे विधायक पुलिस का करी**

गाजीपुर सदर से सपा विधायक जै किशन साहू के भतीजे पर एक कहावत सटीक बैठती है की चाचा हमरे विधायक पुलिस प्रशासन का करी अब यही देखना है की चाचा हमरे विधायक पुलिस प्रशासन का करी सही बैठता है की पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों को सबक सिखाती है।

## लोग मेरी बात सुनेंगे जरूर लेकिन मेरे मरने के बाद- डॉक्टर लोहिया

**डॉक्टर लोहिया की नीतियां आज भी प्रासंगिक है**

**दाम बांधो नीति के अंतर्गत जब तक वस्तुओं के दाम निर्धारित नहीं होंगे तब तक महंगाई पर अंकुश नहीं लगेगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी आंदोलन के महानायक महान समाजवादी चिंतक समाजवादी पुरोधा महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की 136वीं जयंती पर आज सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में दोपहर 2:00 बजे विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई विचार गोष्ठी का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया कहते थे कि लोग मेरी बात सुनेंगे जरूर लेकिन मेरे मरने के बाद डॉक्टर लोहिया कहते थे कि जिंदा कौंमे 5 साल इंतजार नहीं करती हैं डॉक्टर लोहिया की दाम बांधो हिमालय बचाओ नर नारी समानता अंग्रेजी हटाओ भारत पाक महासंघ आदि नीतियां आज भी प्रासंगिक है जब तक सरकार दाम बांधो नीति के अंतर्गत हर वस्तुओं का दाम निर्धारित नहीं करेंगी तब तक देश में महंगाई पर काबू पाना असंभव है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने पीडीए का मुद्दा आगे बढ़ा कर डॉ राम मनोहर लोहिया के सपनों को साकार किया है दाम बाधों महंगाई हटाओ अंग्रेजी हटाओ अभियान चला कर देश में परिवर्तन का संदेश दिया था डॉ लोहिया की सप्त क्रांति भाषा नीति तथा संस्कारो से आगे बढ़ना है डॉक्टर लोहिया के सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए दवा शिक्षा मुफ्त में लागू करने के महत्व के साथ परिवर्तन करना होगा श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, विनय गुप्ता, सत्यनारायण गहरवार, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिह, रजत मिश्रा, कीर्ती अग्निहोत्री, दीपक खोटे, शादाब आलम, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, शिवकुमार बाल्मिक, अमित चौरसिया, प्रवीण मिश्रा, गुड्डू यादव, प्रीतम सिंह, पंकज निगम आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बलिया में पथरी ऑपरेशन बना मौत का कारण: अपूर्वा हॉस्पिटल में महिला की मौत पर बवाल, डॉक्टरों पर हत्या का केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** शहर के जगदीशपुर स्थित अपूर्वा हॉस्पिटल में रविवार को पथरी के ऑपरेशन के दौरान 24 वर्षीय अनीषा पांडेय की मौत हो गई, जिससे परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया और प्रशासन से अस्पताल को सील करने तथा दोषी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मृतका के परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन से पहले अस्पताल प्रशासन ने 50 हजार रुपये जमा कराए और फिर डॉक्टरों ने बिना स्पष्ट जानकारी दिए ऑपरेशन किया। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर रेफर करने की बात कही, लेकिन तब तक अनीषा की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने डॉक्टरों पर सच्चाई



छिपाने और गुमराह करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक भी हुई।

परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं,




प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर को सील कर दिया है। हालांकि अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों के कारण पूरे नर्सिंग होम को सील नहीं किया जा सका। फिलहाल, मामले की जांच जारी है और पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।